समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित हो रहा है जनदर्शन

भिलाईनगर। समस्याओं के निराकरण करने के लिए हर सोमवार को निगम के सभी जोन कार्यालयों में तथा प्रथम एवं अंतिम शनिवार को मुख्य कार्यालय में जनदर्शन आयोजित किए जा रहे है जहां प्राप्त होने वाले आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण किया जा रहा है। जोन कार्यालय में सुबह 11 बजे से 1ः30 बजे तक आयोजित होने वाले जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनने जोन आयुक्त सहित जोन के सभी अधिकारी व कार्यपालन अभियंता उपस्थित रहते है , इस दौरान निगम क्षेत्र के कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दे सकते है। आज के जनदर्शन में मुख्यतः संधारण, बिजली, सड़क व नाली का संधारण , पेयजल, जल निकासी, तालाब किनारे सफाई, राशनकार्ड बनवाने, नाली निर्माण, नाली संधारण, बोर खनन, पानी टैंकर, नल कनेक्शन करने, बोरिंग सफाई, नाली सफाई, सड़क निर्माण एवं सड़क संधारण जैसी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।